डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-28/DSMNRU/प0सं0–COE-40/2020–21

दिनांकः 16 जुलाई, 2020

स्क्रूटनी हेतु आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ की माह जनवरी, 2020 में आयोजित की गयी एम0बी0बी0एस0–प्रथम प्रोफेशनल–(सत्र 2018–19) की पूरक–परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जो विद्यार्थी स्क्रूटनी **(Scrutiny)** हेतु आवेदन करना चाहते हैं वे निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन आवेदन भरना सुनिश्चित करें:–

1) तत्क्रम में सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **http://dsmru.up.nic.in** पर प्रदर्शित हो रहे लिंक **https://govexams.com/dsmnru/login.aspx** के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक **(Enrollment No./Roll No.)** भरकर लॉगिन करते हुये स्क्रूटनी **(Scrutiny) हेतु आवेदन दिनांक 20.07.2020 से दिनांक 31.07.2020 तक** भर सकते हैं। संबंधित विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपनी संस्था में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी रिकार्ड हेतु सुरक्षित रखें।

2) विद्यार्थी स्क्रूटनी के लिये प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500/–मात्र की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में **Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow** के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में **RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित स्क्रूटनी शुल्क को जमा किये बिना स्क्रूटनी नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी।

3) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

4) **ऑनलाइन स्क्रूटनी आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी रसीद की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।

उक्त आवेदन के पश्चात् विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर विषयवार उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी किये जाने हेतु तिथि निर्धारित करते हुए सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित की जायेगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. प्राचार्य, टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से विद्यार्थियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।

16/7/2020

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक